# विदेश में फंसे भारतीयों के लिए रोना बना कोरोना

दहशत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद के लिए लगाई गुहार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्वालालंपुर। कोरोना का कहर दुनिया पर बढ़ता ही जा रहा है। अब तक 2 लाख 20 हजार लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं और 8900 लोगों की मौत हो गई है। भारत में भी 175 लोगों के कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हो गई है। देश से ज्यादा विदेश में भारतीय कोरोना से बीमार और परेशान हैं। मलेशिया, उज्बेकिस्तान, इटली, ईरान, फिलिपीन, मलेशिया, इंडोनेशिया में 4 हजार भारतीय फंसे हुए हैं। ये भारतीय सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

मलेशिया में क्वालालंपुर एयरपोर्ट पर 250 भारतीय फंसे हैं। उन्होंने विडियों ट्वीट करके सरकार से गुहार लगाई कि उन्हें किसी तरह से निकाला जाए। उन्होंने बताया कि मलेशिया की सरकार उनकी कोई मदद नहीं कर रही है। खाने को नहीं मिल रहा है। उड़ाने बंद होने की वजह से ये भारतीय वापस नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने सरकार से अपील की है कि



उन्हें किसी तरह से निकाला जाए।

**केटीआर ने केंद्र सरकार से मदद की अपील की:** उधर, तेलंगाना सरकार में मंत्री केटीआर ने भी ट्वीट करके केंद्र सरकार से मदद की अपील की है। उन्होंने पीएम मोदी को ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री मोदी मनिला, रोम, सिंगापुर और क्वालालंपुर से बहुत से भारतीयों के फंसे होने के संदेश आ रहे हैं। कृपया भारतीय दूतावास से कहिए कि वे इन फंसे हुए भारतीयों की जरूरी मदद करे और सुरक्षित घर भेजे। विदेश में फंसे इन भारतीयों को वापस भेजने के लिए लोकसभा में भी विशेष विमान भेजने की मांग बुधवार को उठी थी। चर्चा के दौरान सरकार ने बताया था कि विदेश में 276 भारतीय इस वायरस के शिकार हैं। सबसे ज्यादा 255 भारतीय ईरान में इसकी चपेट में हैं। यूएई में 12, इटली में 5 और हॉन्गकान्ग, कुवैत, रवांडा, श्रीलंका में एक–एक भारतीय इससे बीमार मिला है। ईरान से अब तक 389 भारतीयों को वापस लाया गया है।

**फिलिपीन, मलयेशिया में 4]000 भारतीय छात्र फंसेः** सरकार के उठाए इन कदमों पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भी संतोष जताया है। पीएम मोदी ने कोरोना पर मंगलवार को सऊदी क्राउन प्रिंस से बात की। दोनों नेताओं में इन चुनौतियों से मिलकर लड़ने की सहमति बनी। लोकसभा में कई सांसदों ने कहा कि फिलिपीन और मलयेशिया में 4,000 से ज्यादा भारतीय छात्र फंसे हैं। वहां प्रशासन ने 72 घंटों में देश छोड़ने का आदेश दिया है। विमानन कंपनियों ने उड़ानें कैंसल कर दी हैं।

वहीं, फिलिपीन के मनीला एयरपोर्ट पर मेडिकल, इंजीनियरिंग के 100 से ज्यादा छात्र फंसे हैं। इंदौर और अलीगढ़ के छात्रों ने विडियो जारी कर परेशानी बताई कि कैसे उन्हें महंगे दामों पर टिकट ली।

## बुजुर्ग हों या जवान, किलर कोरोना वायरस से कोई सुरक्षित नहीं: विशेषज्ञ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना के किलर वायरस से पूरी दुनिया जूझ रही है। अब तक 170 देशों के दो लाख लोग इस महामारी की चपेट में आ चुके हैं जबकि करीब 8 हजार लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है। इस बीच चीन में इस महामारी का अध्ययन करने वाले एक विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि कोरोना के किलर वायरस से जवान हो या बुजुर्ग कोई भी सुरक्षित नहीं है। इससे पहले आई रिपोर्टों में कहा गया था कि बुजुर्गों को ज्यादा खतरा है।

चीन में इस बीमारी के संक्रमण का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञ ब्रूस अयलवर्ड ने कहा कि स्वस्थ इंसान भी इस बीमारी की चपेट में आकर मर रहे हैं। इससे पहले अब तक मारे गए 8 हजार लोगों के आंकड़ों के आधार पर कहा गया था कि बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को कोरोना से ज्यादा खतरा है। अयलवार्ड ने कहा कि बहुत तेजी से कोरोना से पीड़ित युवा लोग भी इस बीमारी का शिकार हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन में कार्यरत डॉक्टर अयलवार्ड ने कहा कि 30 साल तक के लोगों की भी इस जानलेवा बीमारी से मौत हो रही है। इस बीच बेल्जियम के एक डॉक्टर ने युवा और स्वस्थ्य लोगों के फेफड़े के स्कैन के आधार पर खुलासा किया है कि युवाओं के मौत के आंकड़े बहुत डरा देने वाले हैं।



इटली पर टूटा कोरोना का कहर, महज एक दिन में 475 मौतें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। इटली में कोरोना वायरस ने बेहद घातक रूप ले लिया है। यहां अकेले एक दिन में 475 लोगों की मौत हो गई है जो कि किसी देश में कोरोना से एक दिन में हुई सबसे अधिक मौत है। दुर्भाग्यवश इससे पहले एक दिन में सबसे अधिक मौत इटली में ही हुई थी उस दिन कोरोना ने 368 लोगों की जिंदगी छीन ली थी। चीन के बाद कोरोना का सबसे ज्यादा कहर इटली पर बरपा है और मौत के मामले में यह चीन के करीब पहुंच गया है।

## चीनी राष्ट्रपति से हाथ मिलाकर घिरे पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अब तक 304 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं

इस्लामाबाद। कोरोना वायरस से जूझ रहे पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हाथ मिलाकर आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं। कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए जब दुनिया नमस्ते कर रही है, पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने तमाम चेतावनियों को दरकिनार करते हुए हाथ मिलाया। वह भी उस चीन में जहां पर कोरोना वायरस की शुरुआत हुई थी।

पाकिस्तान इन दिनों कोरोना के कहर से जूझ रहा है और अब तक 304 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि दो लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। दरअसल, चीन में कोरोना वायरस की शुरुआत के बाद अल्वी पहले ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं जिन्होंने चीन की आधिकारिक यात्रा की। अल्वी की भी यह पहली चीन यात्रा थी। चीन के साथ नजदीकी दिखाने के लिए वह इतना ज्यादा उत्त्साहित हो गए कि उन्होंने शी जिनपिंग से हाथ मिला लिया।

**चीनी मीडिया ने भुनाई पाक राष्ट्रपति की यात्राः** चीनी अधिकारियों ने बाद में पाकिस्तान राष्ट्रपति और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य लोगों का कोरोना टेस्ट किया जो नेगेटिव पाया गया है। कोरोना वायरस को लेकर चीन की अंतरराष्ट्रीय छवि को काफी धक्का लगा है। अब चीनी मीडिया पाकिस्तानी राष्ट्रपति की यात्रा को खूब भुना रहा है। उन्हें चीन का असली मित्र बताया जा रहा है। चीन की मीडिया में जहां अल्वी की शान में कसीदे कढ़े जा रहे हैं वहीं पर दुनियाभर में उनकी आलोचना हो रही है। इस बीच चीन से आने के बाद पाकिस्तानी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री दोनों ही सेल्फ क्वारंटाइन कर लिया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति 5 दिन तक अलग रहेंगे।

इससे पहले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 17 मार्च को पेइचिंग में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के साथ वार्ता की।

## कोविड–19: बांग्लादेश में कोरोना वायरस से पहली मौत की पुष्टि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में कोरोनावायरस संक्रमण के चलते पहली मौत का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक कोविड–19 संक्रमण के14 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी डिजीज कंट्रोल एंड रिसर्च ने बुधवार रात को कहा कि 70 वर्षीय पीड़ित व्यक्ति मधुमेह, उच्च रक्तचाप और गुर्दे और फेफड़ों की बीमारियों से भी पीड़ित था। बीडी न्यूज 24 ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि विदेश से बांग्लादेश वापस लौटे एक व्यक्ति के संपर्क में आने से पीड़ित व्यक्ति संक्रमित हुआ था। इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर मीरजादी सबरीना फ्लोरा ने कहा कि मरीज आईसीयू में भर्ती था। बुधवार को सामने आए चार नए मामलों में तीन पुरुष और एक महिला शामिल है। फ्लोरा ने कहा कि प्रशासन ने पुष्टि हुए मामलों में संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आने वाले 16 व्यक्तियों को एकांतवास में रखा है, जबकि अन्य 42 को संस्थागत संगरोध में रखा गया है। कोविड–19 के बढ़ते प्रकोप के बीच बुधवार को देश की राजधानी ढाका में लोग में किराने का सामान लेने के लिए होड़ लग गई। लोगों में डर का माहौल है।

## न्यूज डायरी



### चीन ने अमेरिका के पत्रकारों को सस्पेंड किया, ट्रंप बोले, मैं खुश नही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह चीन से अमेरिकी पत्रकारों को सस्पेंड किए जाने के फैसले को लेकर खुश नहीं हैं। चीन सरकार के 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'द वॉशिंगटन पोस्ट' के अमेरिकी पत्रकारों को सस्पेंड किए जाने के फैसले के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने बुधवार को वाइट हाउस में कहा, श्मुझे यह देखकर खुशी नहीं हुई। उन्होंने कहा, उन तीनों मीडिया संस्थानों के साथ मेरी अपनी दिक्कतें हैं। मुझे लगता है कि आप यह अच्छी तरह जानते हैं लेकिन मुझे यह सब देखकर अच्छा नहीं लगा। मैं खुश नहीं हूं। चीन ने अमेरिका के तीन बड़े अखबारों के करीब 13 अमेरिकी पत्रकारों को सस्पेंड करने के अपने फैसले का बुधवार को बचाव करते हुए कहा कि वॉशिंगटन के चीन के सरकारी मीडिया संस्थानों को विदेशी मिशन घोषित कर दिया।

### कोविड–19 पर बहस के दौरान बेहोश हुए नीदरलैंड्स के मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हेग। नीदरलैंड्स के चिकित्सा देखभाल मंत्री ब्रूनो ब्रूइन्स संसद में कोरोना वायरस महामारी पर बहस के दौरान बेहोश हो गए। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बुधवार को संसद में बहस के दौरान विपक्षी दलों द्वारा ब्रूइन्स से कड़े सवाल पूछे गए। विपक्ष ने ब्रूइंस से कहा कि उन्होंने महामारी के लिए चिकित्सा कर्मचारियों को सुरक्षात्मक उपकरण मुहैया कराने के पर्याप्त काम नहीं किया है। इसके बाद ब्रूइन्स थोड़ा डगमगाए और फिर बेहोश हो गए। ब्रूइन्स तुरंत खड़े होने में सफल रहे, थोड़ा पानी पीने के बाद वह बाहर चले गए। इस दौरान करीब 45 मिनट के लिए बहस स्थगित रही। ब्रूइन्स ने ट्वीट कर कहा, श्अभी के लिए आप सभी के सहयोग का धन्यवाद। कई हफ्तों की थकावट के बाद मैं बेहोश हो गया था। अब चीजें फिर से बेहतर हो रही हैं। मैं आज रात आराम करने के लिए घर जा रहा हूं ताकि मैं कल वापस लौटकर कोरोना वायरस से अच्छी तरह मुकाबला कर सकूं।

### कोरोना वायरस संकट से पोलैंड बॉर्डर बंद, 50 किमी तक लंबा जाम लगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वारसा (पोलैंड)। पोलैंड के बॉर्डर पर करीब 50 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। सरकार ने कोरोना को रोकने के लिए अपने सभी बॉर्डर बंद करने का फैसला लिया है। स्थानीय मीडिया को मुताबिक लोगों को घंटों जाम में इंतजार करना पड़ रहा है। जर्मनी, यूक्रेन और चेक रिपब्लिक के लोग पोलैंड से निकल रहे हैं। पोलैंड सरकार ने विदेशी यात्रियों को लिए अपने बॉर्डर बंद कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 8,500 लोग पोलैंड छोड़कर जा रहे हैं। कई देशों के ये लोग यहां काम कर रहे थे। अब ये महामारी के डर से अपने–अपने घरों की तरफ लौट रहे हैं। कई ट्रक ड्राइवर सरकार पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना है कि ट्रकों के लिए सरकार को नियमों में ढील देनी चाहिए थी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों को विदेश की यात्रा रोकने का आदेश दिया।

### पाक अधिकारी ने कोरोना से बचने के लिए शाहरुख खान के अंदाज में दिया मेसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान में इन दिनों कोरोना वायरस का ने शासन–प्रशासन की नींद उड़ा रखी है। कोरोना के इन्फेक्शन के लिए पॉजिटिव पाए जा रहे मरीजों की संख्या 300 पार कर चुकी है और 2 लोगों की मौत हो गई है। इस तनावपूर्ण हालात के बीच पाक के एक अधिकारी का विडियो वायरल हो रहा है जो लोगों को कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए बॉलिवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के अंदाज में मेसेज दे रहे हैं। हाफिजाबाद के जिला कमिश्नर नवीद शहजाद मिर्जा ने फेसबुक पर एक विडियो अपलोड किया है। विडियो में वह शाहरुख खान की फिल्म चलते चलते का गाना सुनो ना गा रहे हैं। मिर्जा ने गाने के बोल बदलते हुए गाया है।